**यूपी बोर्ड कक्षा 10 सामाजिक विज्ञान गतवर्ष प्रश्न-पत्र-2011 सेट-1**

4ono.com

# हाईस्कूल परीक्षा, 2011

## सामाजिक विज्ञान-केवल प्रश्नपत्र

समय : तीन घण्टे ] 825 (RJ) [ पूर्णांक : 100

**निर्देश-निर्देश संख्या 1 से 7 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। सही विकल्प छाँटिए और उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

1. 'डिवाइन कॉमेडी' नामक ग्रंथ का लेखक कौन था? 1
   (क) पेट्रार्क (ख) दांते
   (ग) मैकियावेली (घ) विलियम शेक्सपियर
2. अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्त्व किसने किया ? 1
   (क) अब्राहम लिंकन (ख) थॉमस जैफरसन
   (ग) जॉन लॉक (घ) जॉर्ज वॉशिंगटन
3. निम्न में से कौन रूसी क्रान्ति से सम्बन्धित था? 1
   (क) रूसो ख) बिस्मार्क (ग) लेनिन (घ) इरैस्मस
4. 'भारत सेवक समाज' नामक संस्था की स्थापना किसने की थी?
   (क) गोपालकृष्ण गोखले (ख) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी
   (ग) ज्योतिबा फुले (घ) आत्माराम पाण्डुरंग
5. राज्यसभा का पदेन सभापति होता है 1
   (क) उपराष्ट्रपति (ख) राष्ट्रपति (ग) प्रधानमंत्री (घ) लोकसभा का स्पीकर
6. गुट-निरपेक्ष आन्दोलन का सातवाँ शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था 1
   (क) हरारे में (ख) जकार्ता में (ग) नई दिल्ली में (घ) बेलग्रेड में
7. दक्षेस (सार्क) का मुख्यालय स्थित है 1
   (क) बंगलोर में (ख) काठमाण्डू में (ग) ढाका में (घ) इस्लामाबाद में

**निर्देश**-प्रश्न संख्या 8 से 13 तक अति लघुत्तरीय प्रश्न हैं। इनके उत्तर प्रत्येक 10 शब्दों के अंतर्गत दीजिए।

8. माइकेल एंजिलो कौन था? उसकी किसी एक कृति का उल्लेख कीजिए। 3
9. रूसो कौन था? उसकी प्रसिद्ध कृति का नाम क्या था? 3
10. कर्नाटक का दूसरा युद्ध किसके बीच हुआ था? 3
11. गाँधीजी ने 1922 में असहयोग आन्दोलन क्यों स्थगित कर दिया? 3
12. भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं प्रथम प्रधानमंत्री कौन थे ? 3
13. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष कौन हैं? 3

**निर्देश**-प्रश्न संख्या 14 से 17 तक लघुत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के उत्तर 100 शब्दों के अन्तर्गत दीजिए।

14. भारतीय राष्ट्रवाद से आप क्या समझते हैं? 5
15. स्वामी विवेकानन्द पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 5
16. लोकसभा के अध्यक्ष की शक्तियों एवं कार्यों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। 5
17. भारतीय सैन्य संगठन का संक्षिप्त विवरण दीजिए। 5

**निर्देश**-प्रश्न संख्या 18से 19 तक विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300 शब्दों के अन्तर्गत दीजिए।

18. 'भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम 1947' की प्रमुख विशेषताएँ बताइए। **अथवा** 8
    भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में दादाभाई नौरोजी के योगदान की विवेचना कीजिए।
19. सर्वोच्च न्यायालय के संगठन पर एक विस्तृत टिप्पणी लिखिए। **अथवा** 8
    उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की योग्यता, वेतन, भत्ते तथा सेवा शर्त पर प्रकाश डालिए।
20. **निर्देश**-प्रश्न संख्या 20 मानचित्र से सम्बन्धित है। दिए गए मानचित्र में निम्न स्थानों को ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। प्रत्येक नाम तथा सही अंकन के लिए 1 अंक निर्धारित है।
    (i) वह स्थान जहाँ मोहम्मडन एंग्लो-ओरियण्टल कॉलेज की स्थापना की गयी थी। 1
    (ii) वह स्थान जहाँ सूर्यमंदिर स्थित है। 1
    (iii) वह स्थान जहाँ भारत का सर्वोच्च न्यायालय है। 1
    (iv) वह स्थान जहाँ प्रार्थना समाज की स्थापना हुई थी। 1
    (v) वह नगर जहाँ बेगम हजरत महल ने क्रान्तिकारियों का नेतृत्व किया। 1

## खण्ड-(ब)

**निर्देश-निर्देश संख्या 21 से 27 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। सही विकल्प छाँटिए और उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।**

21. निम्नलिखित में से कौन-सा देश विकसित देश है? 1
    (क) भारत (ख) जापान (ग) अर्जेन्टीना (घ) ब्राजील
22. निम्नलिखित में से सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला प्रदेश कौन है? 1
    (क) पश्चिम बंगाल (ख) केरल (ग) उत्तर प्रदेश (घ) बिहार
23. निम्न में से कौन-सा अप्रत्यक्ष कर है? 1
    (क) आय कर (ख) निगम कर (ग) उपहार कर (घ) व्यापार कर
24. योजना आयोग का पदेन अध्यक्ष कौन होता है? 1
    (क) भारत का राष्ट्रपति (ख) भारत का प्रधानमंत्री
    (ग) मुख्य चुनाव आयुक्त (घ) भारत का मुख्य न्यायाधीश
25. निम्नलिखित में से किस प्रदेश में गेहूँ का उत्पादन सर्वाधिक होता है? 1
    (क) पंजाब (ख) हरियाणा (ग) बिहार (घ) उत्तर प्रदेश
26. नीलगिरि पर्वत स्थित है
    (क) उत्तर भारत में (ख) दक्षिण भारत में
    (ग) पूर्वी भारत में (घ) पश्चिमी भारत में
27. भारत का सर्वोच्च पर्वत शिखर कौन है? 1
    (क) कंचनजंगा (ख) धौलागिरि (ग) गॉडविन ऑस्टिन (घ) गंगोत्री

**निर्देश**-प्रश्न संख्या 28 से 33 तक अति लघुत्तरीय प्रश्न हैं। इनके उत्तर प्रत्येक 10 शब्दों के अंतर्गत दीजिए।

28. भारत की जलवायु को प्रभावित करने वाले किन्हीं दो प्रमुख कारकों का नाम बताइए।
29. विदेशी व्यापार से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए। 3
30. अरब सागर में गिरने वाली किन्हीं दो नदियों का नाम लिखिए। 3
31. आर्थिक नियोजन के किन्हीं दो उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए। 3
32. वनों से किन्हीं दो प्रत्यक्ष लाभ लिखिए। 3
33. गैर-परम्परागत ऊर्जा के किन्हीं दो साधनों का उल्लेख कीजिए। 3

**निर्देश**-प्रश्न संख्या 34 से 37 तक लघुत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के उत्तर 100 शब्दों के अन्तर्गत दीजिए।

34. नदी घाटी परियोजना के पाँच लाभ लिखिये। 5
35. विकासशील देशों की पाँच विशेषताओं का उल्लेख कीजिये। 5
36. बाजार की परिभाषा लिखिए तथा बाजार की तीन मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 5
37. भारत में कृषि की न्यून उत्पादकता के पाँच कारणों का उल्लेख कीजिए। 5

**निर्देश**-प्रश्न संख्या 38 से 39 तक विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300 शब्दों के अन्तर्गत दीजिए

38. भारत में जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले चार कारकों का वर्णन कीजिए। **अथवा** 8
    भारत में जनसंख्या नियंत्रण हेतु चार उपाय सुझाइए। 8
39. लौह-इस्पात उद्योग का वर्णन निम्नलिखित शीर्षकों में कीजिए। 8
    (क) महत्व (ख) कच्चे माल की उपलब्धता (ग) केन्द्र **अथवा**
    भारत में लघु उद्योग की चार समस्याओं का वर्णन कीजिए। 8

## मानचित्र-कार्य

40. **निर्देश**-प्रश्न संख्या 40 मानचित्र से सम्बन्धित है। दिए गए मानचित्र में निम्न स्थानों को चिन्ह द्वारा नाम सहित दर्शाइए। प्रत्येक नाम तथा सही अंकन के लिए 1 अंक
    (i) दार्जिलिंग ⊙ चिन्ह द्वारा नाम सहित।
    (ii) कोचीन बन्दरगाह नाम सहित ● चिन्ह द्वारा।
    (iii) मेघालय की राजधानी ◎ चिन्ह द्वारा नाम सहित।
    (iv) लखनऊ से मुम्बई तक का रेलमार्ग +||||+||||+ चिन्ह द्वारा।
    (v) बंगाल की खाड़ी में गिरने वाली एक नदी को [≺] चिन्ह द्वारा नाम सहित।

4ono.com